भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान सभा का कार्य विवरण।

सभा का अधिवेशन पटने के सभा सदन में शुक्रवार, तिथि ५ मार्च, १९५४ को ११ बजे पुर्वाह्न में माननीय अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्मा के सभापतित्व में हुआ।

अल्प-सूचना प्रश्नोत्तर।

## SHORT NOTICE QUESTIONS AND ANSWERS.

ग्राम सेवक का बाकी वेतन।

*५८। श्री जयनारायण झा 'विनीत'— क्या मंत्री, स्वायत्त-शासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह बात सही है कि खगुरा पंचायत, थाना कटरा, जिला मुजफ्फरपुर का चुनाव करीब डेढ़ वर्ष पहले हो चुका था लेकिन अभी तक उसके सदस्यों का शपथ-ग्रहण नहीं हुआ है;

(ख) यदि खंड (क) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो उस पंचायत का अग्रिम कार्य-कलाप क्यों और किस अधिकारी द्वारा बंद कर दिया गया;

(ग) क्या यह बात सही है कि वहां के एक ग्राम सेवक जो राजनीतिक पीड़ित हैं और तीन वर्ष पहले ट्रेनिंग पा चुके हैं वे एक साल बाद अपना वेतन पाने से बंचित हो गये जिनको ट्रेनिंग के समय विभाग न छोड़ने के लिये बौंड लिखना पड़ा था;

(घ) क्यां यह बात सही है कि इसी प्रकार पूर्ण सत्ता प्राप्त करने से बंचित उसी जिले के खैरवादर्प, नया गांव, थाना शिवहर और पिलखी धमार्पतपुर, थाना सकरी के ग्राम सेवक अपना वेतन पाते आ रहे हैं;

(ङ) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त ग्राम सेवक को भी बकाया वेतन दिलाने का प्रबंध करेगी?

श्री भोला पासवान—(क) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(ख) पंचायत का अग्रिम कार्यकलाप बन्द करने का कारण यह है कि चुनाव के अवसर पर ग्राम पंचायत के ग्राम सेवक ने गुप्त रीति से केवल एक पार्टी का ही मनोनयन-पत्र दाखिल कराया और इसकी सूचना पूर्ण रूप से जनता को नहीं दी। फलस्वरूप वहां के ४० प्रतिशत जनता चुनाव में भाग लेने से बंचित रह गयी। एस० डी० ओ०, सदर ने इस पर जांच की और इस बात का उल्लेख किया कि यदि इस गलती को नहीं सुधारा गया, तो पंचायत क्षेत्र दलबन्दी का अखाड़ा बन जायगा। जिला

*सदस्य की अनुपस्थिति में श्री अनाथ कान्त बसु के अनुरोध से जवाब दिया गया।

WORKERS THROWN OUT OF EMPLOYMENT.

*472. **Shri SADANAND PRASAD**: Will the Minister, in charge of the Labour Department, be pleased to state—

(*a*) whether Christian Mica I. and Co. in the district of Hazaribagh had been running fifteen Mica Mines in the Gauwanzone, police-station Gauwan, on daily wage basis;

(*b*) whether they have closed down all the mines excepting three at Pesan, Khidkia and Bendro with the attendant result that a very large number of workers have been retrenched and thrown out of employment;

(*c*) whether those retrenched persons have been given due compensations, monthly, quarterly and annual bonus;

(*d*) if the answers to clauses (*a*) and (*b*) be in the affirmative what steps do Government propose to take to secure re-employment of those retrenched?

**Shri BIR CHAND PATEL**: (*a*) Industrial relations in Mines are a Central subject. The State Government have no jurisdiction.

(*b*) The question does not arise.

(*c*) The question does not arise.

(*d*) The question does not arise.

---

हजारीबाग अबरख फैक्टरी में हड़ताल।

*६७६। श्री पुनीत राय—क्या मंत्री, श्रम विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह बात सही है कि गत वर्ष तिसरी, थाना गांवा, जिला हजारीबाग के अबरख फैक्टरी में मजदूरों ने हड़ताल की थी;

(ख) मजदूरों के हड़ताल के क्या कारण थे, एवं उनकी क्या मांगें थी;

(ग) सरकार ने उनकी मांगों की पूर्त्ति में उन्हें क्या सहायता दी एवं उनकी कितनी मांगें पूरी की गयीं?

श्री बीरचन्द पटेल—(क) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(ख) और (ग) तारीख ६ सितम्बर, १९५३ को अबरख के कारखाने में कुछ गोल-माल हुआ था जिसके संबन्ध में श्री गया प्रसाद जो एक मजदूर दल के नेता थे, गिरफ्तार कर लिये गये। हड़ताल का मुख्य कारण गया प्रसाद को जेल से छुड़ाने का था। चूंकि यह मामला अदालत के सामने है इसलिये इसके विषय में और चूंकि माइका माइन्स इंडस्ट्रियल रिलेशन्स केन्द्रीय सरकार के अन्तर्गत है इसलिये इसमें कुछ करना संभव नहीं है।

---

बिहार प्रान्त में मजदूर कल्याण विभाग का खोला जाना।

*६७७। श्री विलियम हेम्ब्रोम—क्या मंत्री, श्रम विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह बात सही है कि सरकार ने बिहार प्रान्त में मजदूर कल्याण विभाग खोला है, यदि हां, तो किन-किन जिलों में वह विभाग खोला गया है;